901

# 801(MG)

## 2020

## हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1\. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) 'विचार वीथी' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का इतिहास ग्रन्थ है ।

ii) 'उजली आग' यशपाल का निबन्ध-संग्रह है ।

iii) डॉ० नगेन्द्र प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं ।

iv) रामस्वरूप चतुर्वेदी सफल भेंटवार्ता लेखक हैं ।





ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) रस मीमांसा

ii) झूठा-सच

iii) गोदान

iv) चन्द्रगुप्त ।

ग) 'दीपदान' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए । 1

घ) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किस विधा पर आधारित रचना है ? 1

ङ) शुक्ल युग की किसी एक पत्रिका का नाम लिखिए । 1

2\. क) रीतिकाल की **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । 2

ख) प्रगतिवादी युग की **दो** प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए । 2

ग) 'गीतावली' के कवि का नाम लिखिए । 1

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) "हे भगवान ! तब के लिए ! विपद् के लिए ! इतना आयोजन ! परम पिता की इच्छा के विरुद्ध इतना साहस । पिताजी, क्या भीख न मिलेगी ? क्या कोई हिन्दू भू-पृष्ठ पर न बचा रह जायेगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके ? यह असम्भव है । फेर दीजिए पिताजी, मै काँप रही हूँ – इसकी चमक आँखों को अन्धा बना रही है ।"

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) उपर्युक्त गद्यांश में किस कार्य को ईश्वर की इच्छा के विरुद्ध बताया गया है ?





ख) "जहाँ बेरहमी है वहीं दया का समुद्र भी उमड़ पड़ा है, जहाँ पाप है वहीं क्षमा का सोता फूट पड़ा है । राजा और कँगले, विलासी और भिक्षु, नर और नारी, मनुष्य और पशु सभी कलाकार के हाथों सिरजते चले गये हैं । हैवान की हैवानी को इन्सान की इन्सानियत से कैसे जीता जा सकता है, कोई अजन्ता में जाकर देखे । बुद्ध का जीवन हजार धाराओं में होकर बहता है । जन्म से लेकर निर्वाण तक उनके जीवन की प्रधान घटनायें कुछ ऐसे लिख दी गयी हैं कि आँखें अटक जाती हैं, हटने का नाम नहीं लेतीं ।"

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) कलाकारों ने किसके जीवन का चित्रांकन किया है ?

https://www.evidyarthi.in/

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य सौन्दर्य भी लिखिए : 1 + 4 + 1

क) "लाल चेहरा है नहीं, फिर लाल किसके ?
लाल खून नहीं ? अरे, कंकाल किसके ?
प्रेरणा सोयी कि, आटा-दाल किसके ?
सिर न चढ़ पाया, कि छापा माल किसके ?"

ख) "बुरौ बुराई जौ तजै, तौ चितु खरौ डरातु ।
ज्यौं निकलंकु मयंकु लखि गनैं लोग उतपातु ।।"

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) रामधारी सिंह 'दिनकर'

ii) जयशंकर प्रसाद

iii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) अशोक बाजपेई

ii) श्यामनारायण पाण्डेय

iii) रामनरेश त्रिपाठी ।





6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

मानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न शोचति ।
कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत् ।।

**अथवा**

"आम्, स्वीकृतः समयः", इति कथिते तस्मिन् नागरिके स ग्रामीणः नागरिकम्, अवदत्, "प्रथमं भवान् एव पृच्छतु ।" नागरिकश्च तं ग्रामीणम् अकथयत्, "त्वमेव प्रथमं पृच्छ" इति । इदं श्रुत्वा स ग्रामीणः अवदत् "युक्तम्, अहमेव प्रथमं पृच्छामि ।"

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

i) तृष्णा केन वर्धते ?

ii) 'संस्कृति' शब्दस्य किं तात्पर्यम् ?

iii) पदेन बिना किं दूरम् याति ?

iv) सुवर्णस्य किं मुख्य दुःखम् ?

8. क) 'करुण' रस **अथवा** 'हास्य' रस की परिभाषा उदाहरण-सहित लिखिए । 2

ख) 'उत्प्रेक्षा' अलंकार **अथवा** 'उपमा' अलंकार की परिभाषा उदाहरण-सहित लिखिए । 2

ग) 'रोला' **अथवा** 'सोरठा' छन्द की परिभाषा उदाहरण-सहित लिखिए । 2

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) निर्

ii) अप

iii) अधि

iv) अ

v) अभि ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

i) त्व

ii) ता

iii) वट

iv) पन

v) आई ।





ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए : 1 + 1

i) महामानव

ii) मुखकमल

iii) चक्रपाणि

iv) हर्ष-विषाद

v) त्रिलोक ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) सावन

ii) पाख

iii) नेह

iv) घी

v) बरखा ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) पुत्र

ii) नदी

iii) जल

iv) अश्व

v) आग ।

https://www.evidyarthi.in/

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) सदा + एव

ii) अति + अन्त

iii) प्रति + उत्तरम्

iv) देवी + आज्ञा

v) अत्र + एव ।

ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति, एकवचन में लिखिए : 1 + 1

i) फल **अथवा** मति

ii) तद् (स्त्री) **अथवा** युष्मद् ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) पठथ:

ii) हसेव

iii) पचाम:

iv) द्रक्ष्यसि ।



घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) सभी लोग सुखी हों ।

ii) उन्होंने गृह कार्य किये ।

iii) राम को पुस्तक दो ।

iv) वह उद्यान गया ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) मोबाइल के दुष्परिणाम

ii) स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत

iii) वृक्षों की रक्षा : पर्यावरण सुरक्षा

iv) किसी यात्रा का वर्णन

v) हमारा प्रिय नेता ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

ख) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ग) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग 'वन गमन' का सारांश लिखिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'कौशल्या सुमित्रा मिलन' नामक तृतीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

घ) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर जलियाँवाला बाग की घटना का वर्णन कीजिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का सारांश संक्षेप में लिखिए ।

ङ) i) 'मेवाड़ मुकुट' के प्रथम सर्ग 'अरावली' का सारांश लिखिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।





च) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य में व्यक्त राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए ।

छ) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर 'आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ज) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य की किसी प्रमुख घटना का वर्णन कीजिए ।

झ) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग की कथावस्तु अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।



https://www.evidyarthi.in/